प्रेस नोट दिनांक 20.10.2026 जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज पुलिस द्वारा पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार।

थाना लालगंज पुलिस द्वारा पत्नी की आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में नामजद अभियुक्त कुल्ली उर्फ दिग्विजय उर्फ जय विजय गिरफ्तार।

थाना लालगंज पुलिस की कार्रवाई, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में दूसरा नामजद अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री आलोक कुमार, के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 397/2026 धारा 108 बीएनएस से संबंधित नामजद अभियुक्त कुल्ली उर्फ दिग्विजय उर्फ जय विजय पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम लालू पट्टी, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़, हाल पता ग्राम अलीपुर, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
वादी अर्जुन गौतम पुत्र रामदेव निवासी ग्राम अलीपुर, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, वादी की पत्नी कंचन गौतम से अभियुक्त कुल्ली उर्फ दिग्विजय के प्रेम संबंध थे तथा वह आए दिन उन्हें प्रताड़ित करता था और अपने पति से बात न करने के लिए कहता था। दिनांक 18.10.2026 को वादी की पत्नी बच्चों सहित उसके पास दिल्ली जाने वाली थी। इसी बात को लेकर अभियुक्त द्वारा वादी की पत्नी को भला-बुरा कहते हुए दिल्ली जाने से रोकने का प्रयास किया गया। इससे आहत होकर दिनांक 17.10.2026 को वादी की पत्नी कंचन गौतम ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वादी की तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 397/2026 धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरण-
दिनांक 20.10.2026 को थाना लालगंज पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे में वांछित अभियुक्त रायपुर तियाई चौराहे के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर

अभियुक्त को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुल्ली उर्फ दिग्विजय उर्फ जय विजय पुत्र अमरनाथ बताया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
कुल्ली उर्फ दिग्विजय उर्फ जय विजय पुत्र अमरनाथ, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम लालू पट्टी, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़, हाल पता ग्राम अलीपुर, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-
उ0नि0 दीपक कुमार मय हमराह, का0 अमित कुमार थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़

थाना मान्धाता पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में माननीय न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट (NBW) के अनुपालन में 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मान्धाता पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो कोर्ट, जनपद प्रतापगढ़ से जारी गैर जमानती वारंट (NBW) के अनुपालन में 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 20.10.2026 को उ0नि0 अमरेश कुमार यादव मय हमराह का0 विनोद कुमार एवं रि0का0 अवनीश यादव द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान माननीय न्यायालय से जारी NBW, केस संख्या 415/2023, मु0अ0सं0 53/2023, धारा 363/366/376 भादवि एवं धारा 5L/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त अमन शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा उर्फ राहुल कुमार शर्मा, निवासी ग्राम पीपरताली, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—
अमन शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा उर्फ राहुल कुमार शर्मा, निवासी ग्राम पीपरताली, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम—
उ0नि0 अमरेश कुमार यादव, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।
का0 विनोद कुमार, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।

रि0का0 अवनीश यादव, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।

थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा मारपीट एवं हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में पंजीकृत अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त दयाशंकर मिश्रा को गिरफ्तार किया गया।

प्रतापगढ़।
थाना दिलीपपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 06/2026 धारा 3(5), 115(2), 109(1), 110, 118(2), 333, 352 एवं 117(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त दयाशंकर मिश्रा पुत्र स्वर्गीय हरिशंकर मिश्रा निवासी ग्राम सराय नानकार, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री प्रदीप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री विजयकान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में उ0नि0 राकेश कुमार मय उ0नि0 सुजीत कुमार यादव मय हमराह का0 गौरव यादव हे0का0 आशुतोष रंजन द्वारा देखभाल क्षेत्र/शान्ति व्यवस्था/चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 06/2026 धारा 3(5), 115(2), 109(1), 110, 118(2), 333, 352 एवं 117(2) बीएनएस से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त दयाशंकर मिश्रा को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1-दयाशंकर मिश्रा पुत्र स्वर्गीय हरिशंकर मिश्रा, उम्र करीब 57 वर्ष, निवासी ग्राम सराय नानकार, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 राकेश कुमार मय उ0नि0 सुजीत कुमार यादव मय हमराह का0 गौरव यादव हे0का0 आशुतोष रंजन थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़

थाना महेशगंज पुलिस द्वारा अपहरण/बहला-फुसलाकर ले जाना से संबंधित पीड़िता/अपहर्ता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेशगंज पुलिस द्वारा दिनांक 19.10.2026 को म0उ0नि0 वन्दना वर्मा मय हमराह पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं लंबित विवेचनाओं के संबंध में कार्यवाही कर रही थीं। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित लड़का एवं लड़की शादी करने के लिए मां नायर देवी मंदिर, हीरागंज आए हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां मंदिर के पास से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आर्यन गौतम उर्फ साहिल गौतम पुत्र बबलू गौतम, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी ग्राम गंगापुर, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ बताया। आवश्यक कार्यवाही के उपरांत पीड़िता/अपहर्ता को सकुशल बरामद कर महिला हेल्प डेस्क पर महिला आरक्षी की निगरानी में रखा गया तथा नामजद अभियुक्त आर्यन गौतम उर्फ साहिल गौतम को दिनांक 19.10.2026 को मां नायर देवी धाम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—
1-आर्यन गौतम उर्फ साहिल गौतम पुत्र बबलू गौतम, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी ग्राम गंगापुर, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण—
म0उ0नि0 वन्दना वर्मा, रि0का0 सूरज कुमार, म0रि0का0 प्रतीक्षा सिंह, म0रि0का0 सीमा गुप्ता, का0 सुनील कुमार, का0 अजीत यादव थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़।

थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़।

थाना कन्धई पुलिस द्वारा पुत्र पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कन्धई पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त शैलेश मिश्रा उर्फ ननकऊ को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गई।

प्रतापगढ़।
थाना कन्धई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 237/2026 धारा 118(2), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त शैलेश मिश्रा उर्फ ननकऊ पुत्र रमाशंकर मिश्रा, निवासी ग्राम मेहदिया, थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री प्रदीप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कन्धई श्री आदित्य सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनुपम पटेल मय हमराह का0 कपिल चौधरी द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 237/2026 धारा 118(2), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त शैलेश मिश्रा उर्फ ननकऊ को पूरे देवजानी गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी मेहदिया जंगल से बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- शैलेश मिश्रा उर्फ ननकऊ पुत्र रमाशंकर मिश्रा, उम्र करीब 48 वर्ष, निवासी ग्राम मेहदिया, थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी का विवरण-
*** घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी।**

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अनुपम पटेल मय हमराह का0 कपिल चौधरी, थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़।